Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to develop Flamingo Bird Watching Park and Tourist Spot in creek area near Bhandup Pumping Station in Mumbai North East Parliamentary Constituency, Maharashtra-laid.

श्री मनोज कोटक (मुम्बई उत्तर-पूर्व): भारत सरकार ईको-टूरिज्म को काफी बढ़ावा दे रही है । प्रवासी पक्षियों का भारत के विभिन्न स्थानों में आगमन एक अद्‌भुत नजारा होता है । इसे हमें संजोकर रखने की आवश्यकता है । साथ ही इस तरह की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि जो इको- टूरिज्म में रूचि रखते है वे वहाँ तक पहुँच सके और इसका आनंद ले सके । मेरे संसदीय क्षेत्र मुम्बई नॉर्थ ईस्ट के भाण्डुप पंपिंग स्टेशन के करीब प्रवासी पक्षियों का हॉट स्पॉट है यहाँ प्रत्येक वर्ष हजारो की संख्या में फ्लेमिंगो पक्षी लगभग 6 महीने मुम्बई के भांडुप पंपिग स्टेशन के करीब आकर रहते हैं । नवंबर के महीने में फ्लेमिंगो यहाँ आ जाते है और मई महीने तक रहते हैं । यह बहुत ही आकर्षक होता है और मुम्बई की जनता फ्लेमिंगो के आने का प्रत्येक वर्ष इंतजार करती है ।

मैंने माननीय शिपिंग मंत्री महोदय से निवेदन किया था कि मेरे संसदीय क्षेत्र में आने वाले भण्डुप पंपिग स्टेशन के पास जहाँ फ्लेमिंगो का सबसे ज्यादा आना होता है वहाँ पर एक फ्लेमिंगो पक्षी वाचिंग पार्क बनाया जाए और इसे एक टूरिस्ट एरिया के रूप में विकसित किया जाए । इस स्थान पर फ्लेमिंगो के अलावा भी कई प्रकार के प्रवासी पक्षी आते है जैसे पर्पल हार्न, नॉर्थन पीनटेल, ब्लैकटेल गडविट, रूडी शेलडेक, ये कूछेक पक्षियो के नाम है जो टूरिस्ट के लिए बहुत ही आकर्षक होते है और यहाँ प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में आते हैं ।

इस लिए मेरी सरकार से मांग है कि भाण्डुप पंपिग स्टेशन के पास की क्रीक एरिया जहाँ हजारो प्रवासी पक्षियों का निवास होता है, उसके पास फ्लेमिंगो बर्ड वॉच पार्क और आकर्षक टूरिस्ट स्पॉट विकसित किया जाए और शिपिंग मंत्रालय की ओर से जरूरी सहायता संबधित विभाग को उपलब्ध कराया जाए ।